
साप्ताहिक
# विश्वास का तीर
निष्पक्ष...निर्भीक...निरंतर...
सपांदक- आयुष राजपूत
RNI.NO- MPHIN/2022/83636
वर्ष-03 | अंक-25 | भोपाल, प्रति शुक्रवार 03 मई 2024 | मूल्य-10 रूपयें | पृष्ठ-08

# सीएम ने लगाई शिप्रा में डुबकी

## बोले सीएम-कुछ लोग प्रश्न करते हैं, बहुत दुख होता है; कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा था- नदी में इंदौर की गंदगी गिर रही



**विश्वास का तीर**

उज्जैन आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार सुबह शिप्रा के दत्त अखाड़ा घाट पहुंच गए। उन्होंने नदी में डुबकी लगाई, तैराकी भी की। आचमन के बाद सीएम ने कहा, उज्जैन की पहचान मां क्षिप्रा से है। हमारी परंपरा है स्नान के बाद तीर्थ की महत्ता बढ़ाएं, लेकिन बड़ा दुख होता है कि कुछ लोग मां शिप्रा पर प्रश्न करते हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री आज उज्जैन आए। वे फ्रीगंज इलाके में आयुष्मान लाभ विस्तार अभियान में शामिल हुए। 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत फॉर्म भरवाए। नव मतदाता और लाभार्थियों से मुलाकात की। 23 अप्रैल को शिप्रा में मिल रहे गंदे नाले के पानी को लेकर तराना से विधायक व उज्जैन लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार ने सरकार पर आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था, पिछले 20 साल से मध्यप्रदेश में और 10 साल से देश में भाजपा की सरकार है। धर्म के नाम पर राजनीति करने वाले लोग कहां हैं? 40-50 लाख इंदौर वासियों का मल-मूत्र रोज इसमें मिलता है। महेश परमार ने यह भी कहा था, शिप्रा मां अशुद्ध हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने शिप्रा मां को शुद्ध करने की शपथ ली थी। टिकट मिलने पर डुबकी लगाई थी। 600-1000 करोड़ खर्च हो गए। बात सनातन, महाकाल और प्रभु श्रीराम की करते हैं, मां शिप्रा को शुद्ध नहीं कर पाए।

### 20 साल पहले उज्जैन को नवंबर-दिसंबर के बाद क्षिप्रा का पानी नहीं मिलता था

मुख्यमंत्री ने परमार का नाम लिए बिना कहा, सभी जानते हैं कि मां का तट है, इसकी पवित्रता बनाई रखनी चाहिए। शिप्रा का पानी हरा-भरा है, मई के महीने में भी पानी है। नदी में स्नान करने का आनंद ही अलग है। उन्होंने कहा, कल से यहां पंचकोशी की बड़ी परिक्रमा प्रारंभ होगी। उज्जैन में हमारी सरकार द्वारा किए गए काम के कारण पूरे साल नदी का जल मिल रहा है, मुझे इस बात का संतोष है। आज से 20 साल पहले यहां नवंबर-दिसंबर के बाद पानी नहीं मिलता था।

### सीएम बोले- नई सरकार बनने पर गोपाल कृष्ण भी मुस्कुराएंगे

उज्जैन में संत समागम एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा, आज भी कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता अयोध्या में भगवान राम के दर्शन के लिए नहीं जा रहे। क्यों नहीं जा रहे? क्योंकि उनको लगता है कि दूसरे धर्म के वोट नहीं मिलेंगे। ये उनकी गलतफहमी है। उन्होंने कहा, आज भगवान राम का आनंद आया है। कल नई सरकार बनेगी। निश्चित रूप से गोपाल कृष्ण भी मुस्कुराएंगे।

### साधु-संतों का आशीर्वाद लिया, हनुमान मंदिर में दर्शन किए

मुख्यमंत्री दत्त अखाड़े के साधु - संतों का आशीर्वाद लेने पहुंचे। इसके बाद उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अनिल फिरोजिया के लिए वार्ड - 38 में जनसंपर्क किया। भाजपा के संभागीय कार्यालय शक्ति भवन में अखंड ज्योति हनुमान मंदिर में दर्शन किए।

### शिप्रा में मिला था गंदा पानी, विधायक ने आचमन कर विरोध जताया था

दरअसल, 22 अप्रैल की शाम 6.30 बजे रामघाट क्षेत्र सिंह द्वार के पास पीएचई की 750 एमएम की मेन राइजिंग पाइपलाइन (गंभीर वाली) लीकेज हो गई थी। तेजी से बहे पानी से 1600 एमएम की सीवरेज पाइपलाइन के चैंबर ओवरफ्लो हो गए। दूसरे दिन 23 अप्रैल को भी शिप्रा में लगातार गंदा पानी मिलता रहा। ऐसे में तराना से कांग्रेस विधायक महेश परमार ने नदी में मिल रहे गंदे पानी के बीच डुबकी लगाकर और आचमन कर विरोध दर्ज कराया।

# भोपाल की महिला डॉक्टर से जयपुर में रेप



विश्वास का तीर

भोपाल की महिला डॉक्टर से जयपुर में ज्यादती के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। आरोपी डॉक्टर दर्शन राठौर ने 24 दिसंबर 23 को पीड़िता को शादी करने के बहाने जयपुर बुलाया था। वहां आरोपी ने पीड़िता को मकान नंबर 63 गंगा वाल पार्क एसएमएस अस्पताल के पास स्थित घर में ठहराया। यहां उसने पीड़िता को भरोसा दिलाया कि जल्द हम शादी करने वाले हैं। लिहाजा संबंध बनाने का दबाव बनाया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता की मर्जी के खिलाफ पहली बार संबंध बनाए। बाद में 26 जनवरी 2024 से लेकर 29 मार्च 24 तक कई और बार जयपुर स्थित अपने घर में उसके साथ ज्यादती की। इतना ही नहीं विरोध करने पर एक बार आरोपी ने पीड़िता को तीन दिन तक बंधक बनाकर रखा। उसके साथ मारपीट भी की। अब आरोपी ने शादी से भी इनकार कर दिया है। तब फरियादी महिला ने थाना खजूरी भोपाल में शिकायत की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जीरो पर कायमी कर केस डायरी को जयपुर पुलिस को सौंप दी। इसके बाद राजस्थान पुलिस ने जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के थाने मामला दर्ज किया है।

**दिल्ली एम्स में हुई थी मुलाकात**

खजूरी सड़क थाना पुलिस के मुताबिक 27 वर्ष की युवती क्षेत्र में स्थित एक मेडिकल कॉलेज में पीजी की पढ़ाई कर रही है। पीड़िता मूल रूप से छिंदवाड़ा की रहने वाली है। फिलहाल कॉलेज के हॉस्टल में ही रह रही है। वर्ष 2023 में दिल्ली एम्स में अयोजित कार्यक्रम में उसकी मुलाकात जयपुर के डॉक्टर दर्शन राठौर से हुई थी। दोनों में वहीं दोस्ती और फिर फोन पर बातचीत होने लगी थी।

**पीड़िता को पीटता था आरोपी**

आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़िता को दिसंबर 2023 में जयपुर बुलाया, वहां ज्यादती की। इसके बाद अलग-अलग समय पर उसे जयपुर बुलाकर तीन और बार रेप किया। उसके साथ मारपीट की और जबरन रूम में बंधक बनाकर रखा। जीरो पर केस दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई के लिए केस डायरी को जयपुर पुलिस को सौंप दिया है।

# झेलम एक्सप्रेस में बम की खबर से हड़कंप

विश्वास का तीर

पुणे से जम्मू तवी जाने वाली 11077 झेलम एक्सप्रेस में बम सूचना के बाद हड़कंप मच गया। जिस वक्त ट्रेन में बम होने की सूचना मिली ट्रेन भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन आरकेएमपी के नजदीक थी। जीआरपी ने ट्रेन के एस-9 कोच में बम होने की बात कहने वाले यात्री को हिरासत में ले लिया है। आरोपी पुणे का रहने वाला विश्वास राव मोरे हैं। आरकेएमपी थाना के एसएचओ सुनील अरजरिया ने बताया कि बम की सूचना देने वाला यात्री पुणे का विश्वास राव मोरे हैं। वो भी एस-9 कोच में सफर कर रहा था। उसके पास से आधारकार्ड और पासपोर्ट जब्त किए हैं। उसी ने टीसी को एस-9 कोच में बम होने की सूचना दी थी। इसके बाद टीसी ने ये जानकारी हमको दी। आरोपी यात्री के पास से पुणे से झांसी तक का टिकट मिला है। झांसी से कानपुर पहुंचने के बाद वो किसी मंदिर में जाने की बात कह रहा है। उसने बताया है कि वो मन्नत मांगने के लिए मंदिर जा रहा था। उसकी पत्नी 6 साल पहले छोड़ चुकी है। पूणे पुलिस को इस मामले की जानकारी दे दी गई है।

**टीसी से कहा कोच में बम है**

झेलम एक्सप्रेस प्रतिदिन सुबह 8.31 बजे आरकेएमपी स्टेशन पर पहुंचती है। दो मिनट के ठहराव के बाद 8.33 पर रवाना होती है। शुक्रवार सुबह ट्रेन करीब 15 मिनट की देरी से चल रही थी। रानी कमलापति स्टेशन के नजदीक ही एस-9 कोच में एक यात्री ने बम होने की बात टीसी से कही। इसके बाद कोच में हड़कंप मच गया और यात्री सकते में आ गए।



**आरपीएफ ने प्लेटफॉर्म पर घेरी ट्रेन**

ट्रेन में बम होने की सूचना टीसी ने जीआरपी को दी। कुछ यात्रियों ने बम होने की बात कहने वाले यात्री को पकड़ लिया। जैसे ही 8.48 पर ट्रेन आरकेएमपी के प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर पहुंची तो जीआरपी और आरपीएफ के दस्ते ने एस-9 कोच को घेर लिया, जिसमें बम होने की खबर मिली थी। स्लीपर कोच सहित पूरी ट्रेन को आरपीएफ व जीआरपी ने सर्च किया। मौके पर डॉग स्क्वॉड को भी बुला लिया गया। इस दौरान पुलिस ने उस यात्री को भी हिरासत में लिया गया, जिसने बम होने की बात कही थी। पूरी ट्रेन की चैकिंग के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने के बाद 9.50 बजे ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

**युवक मानसिक हालत ठीक नहीं**

आरपीएफ कमांडेंट प्रशांत यादव ने कहा, ट्रेन के एक यात्री ने कहा कि ट्रेन में बम है। इसके बाद ट्रेन की तलाशी ली गई। इस पूरे प्रोसेस में एक घंटे से ज्यादा लग गया। बम की बात कहने वाला युवक मानसिक रूप से बीमार नजर आ रहा है। पूछताछ के बाद ही कुछ कह पाना संभव होगा।

# अवैध शराब के लिए भोपाल के 8 गांवों में घेराबंदी: कुप्पियों में भरी मिली शराब, बहाकर नष्ट की; 5 महिलाएं गिरफ्तार

विश्वास का तीर

लोकसभा चुनाव के चलते आबकारी विभाग कार्रवाई कर रहा है। गुरुवार को भी भोपाल के 8 गांवों में घेराबंदी कर दबिश दी गई। इस दौरान कुप्पियों में अवैध शराब भरी मिली। जिसे बहाकर नष्ट किया गया। मौके से 5 महिलाएं भी गिरफ्तार की गईं। आबकारी विभाग की टीमों ने रतुआ पठार, हर्राखेड़ा, तरावली जोड़, करारिया जोड़, बैरासिया पठार, धमर्रा, हिरनखेड़ी, करणपुरा आदि गांवों में दबिश दी। अचानक हुई कार्रवाई से हड़कंप मच गया। इन गांवों के कुछ लोग हाथ भट्?टी की शराब बेचते हैं। लंबे समय से शराब बिक्री की सूचना भी मिल रही थी।

**कुप्पों में भरकर झाड़ियों में छुपा रखी थी शराब**

जिला आबकारी कंट्रोलर आरजी भदौरिया के नेतृत्व में वृत उपनिरीक्षक संजय जैन समेत टीम ने यह कार्रवाई की। इन गांवों में कुप्पियों और झाड़ियों में भरकर शराब झाड़ियों में छुपाकर रखी गई थी। यहां से 375 लीटर हाथभट्टी शराब और 4160 किलो लाहन बरामद कर मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क) और (च) तहत प्रकरण दर्ज किया गया। मौके से पांच



महिलाओं को भी पकड़ा गया। कुछ 16 प्रकरण बनाए गए। शराब की कीमत 5.80 लाख रुपए है। कार्रवाई के बाद शराब बहा दी गई।

## जहानुमा रिट्रीट समेत 10 मैरिज गार्डन पर तालाबंदी

# भोपाल नगर निगम की बड़ी कार्रवाई; अभी तक 27 गार्डन पर हो चुकी तालाबंदी

विश्वास का तीर

भोपाल के जहानुमा रिट्रीज समेत 10 मैरिज गार्डन पर गुरुवार को तालाबंदी की कार्रवाई की गई। इससे पहले 17 गार्डन पर कार्रवाई हो चुकी है। यानी, अब तक निगम 27 मैरिज गार्डन पर तालाबंदी कर चुका है। निगम के भवन अनुज्ञा शाखा ने गुरुवार को देर शाम तक यह कार्रवाई की। अवैध रूप से संचालित मैरिज गार्डनों के विरुद्ध कार्रवाई में प्रेमपुरा स्थित जहानुमा रिट्रीट रिजोर्ट, भौरी स्थित संभाला रिजोर्ट, लालघाटी स्थित क्रीसेंट क्लब, रॉयल मैरिज गार्डन, टोर्टल आइलैंड, सिल्वर मैरिज गार्डन, संत हिरदाराम नगर स्थित सेवन ऑक्स, मोक्ष क्लब, सेकंड होम एवं मुस्कान मैरिज गार्डन पर तालाबंदी की गई।

**अब तक इतनी हुई कार्रवाई**

बता दें कि 22 अप्रैल को गांधी नगर स्थित गुड्स इन मैरिज गार्डन एवं ग्रांड मेजेस्टी, 25 अप्रैल को अयोध्या बायपास स्थित शुभम मैरिज गार्डन, मालीखेड़ी स्थित न्यू उत्सव मैरिज गार्डन, लांबाखेड़ा स्थित रिश्ता मैरिज गार्डन एवं अक्षत मैरिज गार्डन, 26 अप्रैल को अयोध्या नगर स्थित कान्टीनेंटल मैरिज गार्डन, 29 अप्रैल को थाना बिलखिरिया अंतर्गत खुशी मैरिज गार्डन, सम्राट मैरिज गार्डन, अतिथि मैरिज गार्डन, प्रैंडियम लक्स मैरिज गार्डन एवं अवधपुरी अंतर्गत उमंग मैरिज गार्डन, 30 अप्रैल को अयोध्या बायपास स्थित तारादीप मैरिज गार्डन, एम्स के पीछे स्थित सुंदर वैली मैरिज गार्डन, होशंगाबाद रोड स्थित नंदन पैलेस मैरिज गार्डन, द मार्क होटल एंड क्लब, शगुन मैरिज गार्डन पर तालाबंदी की जा चुकी है। मैरिज गार्डन सील बंद करने की कार्रवाई जोनल अधिकारी, अतिक्रमण दल, भवन अनुज्ञा शाखा के सहायक यंत्री, उपयंत्री की उपस्थिति में की गई।










## जनता-जनार्दन का अभूतपूर्व समर्थन भाजपा की जीत की गारंटी है: देवड़ा

भारतीय जनता पार्टी के प्रति देश की जनता-जनार्दन का अभूतपूर्व समर्थन भाजपा की जीत की गारंटी है। नतीजे घोषित हो चुके हैं; 4 जून को 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार लोकसभा क्षेत्र विदिशा से भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय प्रत्याशी माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान जी के समर्थन में विदिशा भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ता बैठक में सम्मिलित होकर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और सबके साथ मिलकर भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सम्माननीय कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित रहे।

आलेख

# जब चंद्रशेखर के खिलाफ नारा लगा था, भिंडरवाला वापस जाओ



इंदिरा गांधी की हत्या के बाद की शोक अवधि बीतते ही चुनाव आयोग ने सातवीं लोकसभा के चुनावों का ऐलान कर दिया था...चुनाव घोषणा की वह तारीख थी, तेरह नवंबर 1984...इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुई देशव्यापी सिख विरोधी हिंसा की आंच भले ही ठंडी पड़ चुकी थी, लेकिन उसकी तपिश महसूस की जा रही थी। लोगों के दिल में इंदिरा की हत्या से उपजा क्षोभ अभी ताजा था..इसी बीच चुनाव आ गए... उन दिनों विपक्ष का सबसे बड़ा दल था, जनता पार्टी। जनता पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर तीसरी बार अपनी पारंपरिक उत्तर प्रदेश की बलिया सीट से मैदान में उतरने की तैयारी कर चुके थे। उन दिनों लोकसभा की बलिया नाम से दो सीटें थी, पहली उत्तर प्रदेश की बलिया, जो अब भी है, और दूसरी बिहार की बलिया, जो परिसीमन के बाद खत्म हो चुकी है। नवंबर 1984 के आखिरी हफ्ते की कोई तारीख थी। चंद्रशेखर नामांकन दाखिल करने के लिए बलिया आ रहे थे। तब इलाहाबाद से बरौनी तक मीटर गेज की रेल चलती थी। इसी रेल रूट पर बलिया भी पड़ता है। तब बलिया से वाराणसी के बीच छुकछुकिया यानी भाप इंजन वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस चलती थी। जो वाराणसी से चलकर करीब बारह बजे बलिया पहुंचती थी। चंद्रशेखर उसी इंटरसिटी एक्सप्रेस बलिया आ रहे थे। इसकी जानकारी उनके समाजवादी कार्यकर्ताओं के तमाम लोगों की थी। उन दिनों चंद्रशेखर को बलिया के लोग दो नामों से ज्यादा पुकारते थे, अध्यक्ष जी और दाढ़ी। चंद्रशेखर इंटरसिटी से जैसे ही बलिया के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर उतरे, उनके कार्यकर्ता फूलमालाओं के साथ उनके स्वागत में बढ़े तो कुछ दूर स्थित युवा कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने जोर-जोर से नारा लगाना शुरू कर दिया, भिंडरवाला वापस जाओ, भिंडरवाला वापस जाओ.. जून 1984 में सिखों के तीर्थ स्थल अमृतसर के स्वर्णमंदिर में सैनिक कार्रवाई हुई थी..उस कार्रवाई में पंजाब को दहशत का केंद्र बनाने वाला जनरैल सिंह भिंडरवाला मारा जा चुका था। इसी कार्रवाई से सिख समुदाय गुस्से में था, जिसकी दुखद परिणति 31 अक्टूबर 1984 को इंदिरा गांधी की हत्या के रूप में सामने आई। चंद्रशेखर ने स्वर्णमंदिर में सैनिक कार्रवाई का जोरदार शब्दों में विरोध किया था..इंदिरा की हत्या के बाद उनका यह विरोध चर्चा में आ गया था.. तत्कालीन सहानुभूति लहर के चलते इस बयान की वजह से चंद्रशेखर भी लोगों के निशाने पर थे... बलिया प्लेटफॉर्म पर उनके खिलाफ लगा नारा उसी क्षोभ की अभिव्यक्ति कहा जा सकता है..चंद्रशेखर नारा लगा रहे युवाओं की तरफ कुछ कदम बढ़ाए भी..कुछ देर के लिए नारा थम गया..लेकिन बाद में नारा तब तक लगता रहा, जब तक वे प्लेटफॉर्म से निकलकर अंबेसडर कार से बलिया कलेक्ट्रेट नहीं चले गए.. बलिया कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल करने के बाद उनकी सभा शहर के रामलीला मैदान में हो रही थी..जाड़े की गुनगुनी धूप ढलने लगी थी..जुलूस के साथ चंद्रशेखर रामलीला मैदान पहुंचे। तब वे खादी मटका का कुर्ता, धोती और बंडी पहने थे। कंधे पर बेतरतीब चादर भी थी..उनके नामांकन को कवर करने के लिए कुछ विदेशी पत्रकार भी बलिया पहुंचे थे.. रामलीला मैदान की उस सभा में बैठने का इंतजाम नहीं था..ज्यादातर लोग खड़े ही थे...चंद्रशेखर मंच पर पहुंचे..भिंडरवाला वापस जाओ के नारे से हुए स्वागत से उन्हें भरोसा हो गया था कि स्वर्णमंदिर में हुई सैनिक कार्रवाई के चलते लोगों में उन्हें लेकर गुस्सा है। लिहाजा उन्होंने अपने भाषण में सफाई देनी शुरू की...जिस सिख कौम के लिए सिखों के गुरू तेगबहादुर ने अपने शीश चढ़ा दिया, जिसके लिए गुरू गोविंद सिंह के दो बेटों को जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया..उस महान कौम के तीर्थ स्थल पर सैनिक कार्रवाई का विरोध करके मैने गलती कहां गलती की... अभी चंद्रशेखर का वाक्य पूरा ही नहीं हुआ कि तकरीबन पूरे मैदान से विरोध के सुर फूट पड़े, कोई उन्हें भोजपुरी में दाढ़ी के संबोधन के साथ चुप रहने की नसीहत दे रहा था..तो कोई उनके सफाई देने पर सवाल उठा रहा था.. चंद्रशेखर समवेत विरोध के इस सुर से चकित रह गए.. बेशक तब तक वे बड़े नेता के रूप में स्थापित हो चुके थे, लेकिन उनकी अपीलों का कोई असर नहीं हुआ..लोगों ने उनका खुलकर विरोध किया..विरोध का प्रमुख वजह रही इंदिरा की हत्या को लेकर कांग्रेस के प्रति उपजी हमदर्दी और गुस्सा... 1977 और 1980 के चुनावों में जिस बलिया ने चंद्रशेखर को अपना संसदीय ताज बनाया, उसी बलिया ने दिसंबर 1984 में हुए आम चुनावों में नापसंद कर दिया..कांग्रेस के जगन्नाथ चौधरी के हाथों जनता पार्टी के अध्यक्ष जी को 54 हजार 940 वोटों से हार मिली...बलिया से कांग्रेस के आखिरी नुमाइंदे जगन्नाथ चौधरी ही रहे..उसके बाद 1989, 1991, 1996, 1998, 1999 और 2004 के चुनावों में चंद्रशेखर को लगातार जीत मिली...उनके निधन के बाद हुए 2007 के उपचुनाव में उनके बेटे नीरज शेखर समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव जीते। नीरज को 2009 में भी जीत मिली, लेकिन 2014 में वे हार गए। अब वे बीजेपी में शामिल हो चुके हैं और अपने पिता की विरासत पर बीजेपी के टिकट पर दावा ठोक रहे हैं... बलिया में जब भी चुनाव आता है, चंद्रशेखर की याद आना स्वाभाविक है और इसके साथ ही उनके खिलाफ 1984 में लगा वह नारा भी, भिंडरवाला वापस जाओ।

---

संपादकीय

## सामाजिक न्याय के आंदोलन से उपजे नेताओं ने कभी पिछड़े वर्ग का ध्यान नहीं रखा

लोकसभा चुनावों में विपक्ष की ओर से संविधान और आरक्षण बचाने की दुहाई दी जा रही है तो सरकार का कहना है कि वह संविधान और आरक्षण की सुरक्षा के लिए चट्टान बन कर खड़ी रही है और आगे भी ऐसा ही करती रहेगी। देखा जाये तो इस बार के आम चुनाव में प्रचार में मुद्दे तो कई उठ रहे हैं लेकिन जनता के असल मुद्दे परिदृश्य से गायब होते जा रहे हैं। गरीबों की बात सभी दल कर रहे हैं। गरीब यह देख कर खुश हैं कि उन्हें बहुत याद किया जा रहा है लेकिन वह यह बात जानते हैं कि मतदान के बाद उनकी सुध लेने कोई नहीं आयेगा। सभी दल सामाजिक न्याय की बात भी कर रहे हैं लेकिन वास्तविक सामाजिक न्याय तभी होगा जब सबका आर्थिक सशक्तिकरण होगा। इसके अलावा शिक्षा को सस्ता कर सबके लिए सुलभ बनाया जायेगा। सामाजिक न्याय की मांग सबसे पहले बिहार से उठी थी। यह मांग उठायी थी बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल ने। बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल के राजनीतिक सफर की बात करें तो आपको बता दें कि बिहार के मधेपुरा संसदीय क्षेत्र के भागलपुर से अलग होने के बाद, मंडल ने संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी (एसएसपी) के टिकट पर 1967 का लोकसभा चुनाव जीता था। वह 1968 में थोड़े समय के लिए बिहार के मुख्यमंत्री भी बने थे। मंडल यादव समुदाय से थे और उन्हें दूसरे पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष भी बनाया गया था। 1978-80 के दौरान वह मंडल आयोग की रिपोर्ट के लेखक बने, जिसने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए सरकारी नौकरियों में कोटा की सिफारिश की थी। मंडल आयोग की रिपोर्ट को 1990 में वीपी सिंह सरकार द्वारा लागू किया गया था। इस घटनाक्रम के बाद बिहार और उत्तर प्रदेश में कई क्षेत्रीय दलों का उदय हुआ था जोकि आज तक राजनीतिक परिदृश्य में काफी महत्व रखते हैं। मधेपुरा शहर की चर्चा तो बहुत होती है लेकिन यह क्षेत्र विकास की बाट अब तक जोह रहा है। मधेपुरा से लगभग 10 किमी दूर, जैसे ही कोई पूर्णिया-सहरसा राजमार्ग से दाहिनी ओर मुड़ता है और रेलवे लाइन पार करता है तो टिन की छत वाले कच्चे घरों की श्रृंखला आपको दिखाई पड़ेगी। यहां पर मुरहो गांव के अंत में पूर्व मुख्यमंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद मंडल का स्मारक है। मंडल स्मारक से बमुश्किल 100 मीटर की दूरी पर मुसहर टोले के एक कोने में, एक मिट्टी की झोपड़ी है, जहां क्षेत्र के पहले संसद सदस्य किराई मुसहर के पोते रहते हैं। यह बातें हम आपको इसलिए बता रहे हैं कि नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की ओर से जाति जनगणना के मुद्दे पर राजनीति तो बहुत की गयी लेकिन पिछड़ों के लिए कुछ नहीं किया गया। यही नहीं मंडल के विचारों को भी इन दलों की ओर से दरकिनार कर दिया गया है।

भोपाल, प्रति शुक्रवार 03 मई 2024

## विदिशा के सिरोंज में कहा- ये गठबंधन परिवार की पार्टियों का जमावड़ा

# इंडी गठबंधन भ्रष्टाचारियों को बचाने का टोला: नड्डा

विश्वास का तीर



सागर लोकसभा क्षेत्र में आने वाले विदिशा जिले के सिरोंज में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने विपक्षी गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। कहा कि वो दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग का आरक्षण छीनकर धार्मिक आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं। जब तक मोदी जी है, जब तक बीजेपी है। हम इनका आरक्षण कम नहीं होने देंगे। जेपी नड्डा ने कहा इंडी अलायंस को भ्रष्टाचारियों को बचाने का टोला बताया। ये गठबंधन परिवार की पार्टियों का जमावड़ा है। इनका आपसे कोई लेना देना नहीं है। मोदी जी कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ, ये कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ। जेपी नड्डा ने कहा मोदी जी के नेतृत्व में आज 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल गए हैं। मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत ब्रिटेन को पछाड़कर 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था से दुनिया की 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया है। आने वाले समय में मोदी जी के तीसरे टर्म में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा बीजेपी अध्यक्ष ने मोदी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पहले बीमारू राज्य था। ये बीस साल पुरानी कहानी है। जब से भाजपा की सरकार बनी। मध्यप्रदेश बीमारू राज्य से निकल कर सर्वांगीण विकास की दृष्टि से अग्रणी राज्यों में खड़ा हो गया है।

**नड्डा रात भोपाल रुके, भाजपा दफ्तर में ली बैठक**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार रात भाजपा प्रदेश कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रबंध समिति की बैठक को संबोधित किया ढ्ढ उन्होंने कहा कि पार्टी के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जी जान से जुटे। मतदान करने के लिए मतदाता को प्रेरित करें। किसी भी काम को इस प्रकार न करें कि वह बोझ लगे। आनंद के साथ जीवन जिएं और पार्टी के लिए काम करें। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा, लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह समेत चुनाव प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बीजेपी अध्यक्ष ने भोपाल के बीजेपी ऑफिस से ही गुजरात के मेहसाणा की जनसभा को वर्चुअल संबोधित किया।

**भोपाल ही रुकेंगे जेपी नड्डा**

जेपी नड्डा कुछ ही देर में भोपाल पहुंचने वाले हैं। वे बीजेपी दफ्तर पहुंचेंगे। यहां बीजेपी नेताओं के साथ बैठक करेंगे। फिर एक होटल में रात्रि विश्राम करेंगे। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज सागर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सिरोंज कस्बे में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। सिरोंज से वापस लौटने में देरी होने के चलते जेपी नड्डा अब आज रात भोपाल में ही रुकेंगे।

**जेपी नड्डा सड़क मार्ग से भोपाल रवाना हुए**

सभा के बाद रात होने पर जेपी नड्डा और सीएम डॉ. मोहन यादव सड़क मार्ग से भोपाल के लिए रवाना हुए।

**बीजेपी किसी भी वर्ग का आरक्षण कम नहीं होने देगी**

नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा- ये नया काम कर रहे हैं। वो महादलित, दलित, आदिवासी, पिछड़ा, अति पिछड़ा का आरक्षण छीनकर धार्मिक आधार पर आरक्षण देना चाहते हैं। बाबा भीमराव अंबेडकर ने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। जब तक मोदी जी है, जब तक बीजेपी है मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आदिवासी, दलित और ओबीसी वर्ग का आरक्षण कम नहीं होने देंगे।

**इंडी गठबंधन घोटालेबाजों का जमावड़ा**

कांग्रेस ने कोयला घोटाला, टूजी घोटाला, पनडूब्बी घोटाला, कामन वेल्थ गेम घोटाला समेत कई घोटाले किए। कांग्रेस ने तीनों लोक में भ्रष्टाचार किया। मुलायम सिंह के बेटे, लालू, टीएमसी, डीएमके के नेताओं ने घोटाले किए। अरविंद केजरीवाल ने शराब के घोटाले किए। ये घोटालेबाजों का जमावड़ा है। इनके नेता आधे जेल में, आधे बेल पर हैं।

**भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा**

बीजेपी अध्यक्ष ने कहा- आज भारत विश्व अर्थव्यवस्था में 5वें स्थान पर है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा... 10 साल पहले आपके पास जो मोबाइल फोन थे, वे चीन, कोरिया या ताइवान में बने थे। अब जो मोबाइल फोन आप उपयोग करते हैं वे भारत में बन रहे हैं।

**नड्डा बोले-इंडी गठबंधन भ्रष्टाचारियों को बचाने का टोला**

ये इंडी अलायंस है, ये घमंडिया गठबंधन, ये दो बातों का गठबंधन है। ये गठबंधन परिवार की पार्टियों का जमावड़ा है। इनका आपसे कोई लेना देना नहीं है। मोदी जी कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ, ये कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ। ये भ्रष्टाचारियों को बचाने का टोला है।

**घर में घुसकर मारने की ताकत मोदी के नेतृत्व में आई**

नड्डा ने कहा- पहले बार्डर पर जब पाकिस्तान से गोलियां चलती थी, तो जवान को जवाब देने का हुक्म नहीं था। वो दिल्ली से ऑर्डर का इंतजार करता था। जब से मोदी जी आए हैं। उनका आदेश है जहां से गोली गोली चली है, वहां से मुंह तोड़ जवाब देकर आना। बीजेपी अध्यक्ष ने कहा- पुलवामा में किसी ने हरकत की। तो बालाकोट में एयर स्ट्राइक हो गया। उरी में किसी ने हिम्मत की भारत के जवानों को तकलीफ देने की। तो सर्जिकल स्ट्राइक हो गया। आज घर में घुसकर मारने की ताकत पीएम मोदी के नेतृत्व में आई है।

**मोदी जी की नीतियों ने गरीबों, किसानों को ताकत दी**

बीजेपी अध्यक्ष ने कहा- मोदी जी के नेतृत्व में गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, शोषित, दलित, युवा, किसान, महिला इनको अगर किसी ने ताकत दी है तो प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों ने ताकत दी है।

**भारत 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बना**

जेपी नड्डा ने कहा- मोदी जी के नेतृत्व में देश की 25 करोड़ जनता गरीबी की रेखा से निकल गई है। भारत आज जो 10 साल पहले आर्थिक जगत में 11वें नंबर पर था। आज मोदी जी के नेतृत्व में भारत 5वें नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया। अब दो साल के अंदर तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

**कभी बीमारू था, आज एमपी अग्रणी राज्यों में खड़ा**

सिरोंज में नड्डा ने कहा- मध्यप्रदेश बीमारू राज्य कहा जाता था। ये बीस साल पहले की कहानी है। जब से भाजपा की सरकार यहां पर आई तो मध्यप्रदेश अब अग्रणी राज्यों में आकर खड़ा हो गया है।



विदिशा लोकसभा में प्रवास के दौरान गंजबासौदा पहुंचने पर उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से चर्चा की।

# बीजेपी विधायक की बेटी रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ाई

# नगर परिषद की अध्यक्ष हैं सारिका खटीक; बिल भुगतान के लिए मांगे 40 हजार रुपए

**विश्वास का तीर**

पन्ना के अमानगंज नगर परिषद की अध्यक्ष सारिका खटीक रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ी गई है। उन्होंने फरियादी से बिल के भुगतान के नाम पर 40 हजार रुपए मांगे थे। फरियादी ने सागर लोकायुक्त में इसकी शिकायत की थी। जिस पर टीम ने गुरुवार को ये कार्रवाई की। बता दें कि सारिका खटीक दमोह जिले के हटा से भाजपा विधायक उमा खटीक की बेटी हैं। दरअसल, अमानगंज के रहने वाले राघवेंद्र राज मोदी (35) की लिफ्टर मशीन नगर परिषद अमानगंज में किराए पर लगी थी। इसके लिए 34 हजार किराया तय किया गया था। 4 महीने से बिल का पेमेंट नगर परिषद ने नहीं किया था। कुल 1 लाख 33 हजार 332 रुपए का बिल बकाया था। राघवेन्द्र राज का आरोप है कि बकाए पेमेंट के लिए जब सारिका खटीक से कहा तो उन्होंने 40 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। उसने 10 हजार रुपए की पहली किस्त पहले ही दे दी थी। गुरुवार को वह 30 हजार रुपए लेकर पहुंचा था।




**पीड़ित बोला- हर महीने बढ़ती जा रही थी डिमांड**

फरियादी राघवेंद्र राज उर्फ गुड्डू मोदी ने बताया कि मेरा वाहन नगर परिषद में 33,333 रुपए प्रति माह के अनुबंध पर लगाया गया था। लेकिन जब से सारिका खटीक नगर परिषद की अध्यक्ष बनी। तब से उन्होंने परेशान करना शुरू कर दिया। कभी 5000 तो कभी 7000 रुपए मंथली देने की बात कही। जब ज्यादा परेशान किया जाने लगा तो मैंने सागर लोकायुक्त में शिकायत कर दी।

**नगर परिषद अध्यक्ष ने कहा- मेरे खिलाफ साजिश**

लोकायुक्त की कार्रवाई के बाद नगर परिषद अध्यक्ष सारिका खटीक ने कहा कि अभी कोई सबूत सामने नहीं आया है। मेरे खिलाफ साजिश के तहत लोकायुक्त में शिकायत की गई। लोकायुक्त की टीम ने जांच की। मुझे 15 दिन पहले धमकी दी गई थी जिसे मैंने अनसुना कर दिया था। गुड्डू मोदी और डॉक्टर सौरभ मेरे पास आए थे। उन्होंने मुझे 30 हजार रुपए रखने के लिए दिए थे। डॉ. सौरभ ने कहा कि भाभी यह पैसे रख लो। सारिका खटीक ने कहा कि जिस लिफ्टर मशीन की बात सामने आ रही है। वह मशीन नगर परिषद की है। इनका ट्रैक्टर लगाया गया था। जिसके लिए हर महीने 33 हजार पेंमेंट किया जाता था। विरोध होने पर परिषद में प्रस्ताव पास हुआ कि इस वाहन को बाहर किया जाए। इसलिए ये साजिश रची गई।

## हैदर से हरि बने शख्स के घर पर हमला

# सनातन धर्म अपनाने वाला बोला-नाराज लोग पत्थर फेंक रहे, घर कैसे जाऊंगा..

विश्वास का तीर

इंदौर में मुस्लिम से हिंदू बने शख्स के घर पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। पत्थर फेंके गए, जिससे खिड़की के कांच टूट गए। हैदर से हरि बने शख्स ने पुलिस में इसकी लिखित शिकायत की है। उसका कहना है कि मेरे धर्म परिवर्तन करने से नाराज लोग लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। मैं अपने घर नहीं जा पा रहा हूं। इधर, पुलिस ने कहा कि आवेदन मिलने पर फरियादी को एफआईआर के लिए कहा था, लेकिन उसने मना कर दिया। अब वो सामने भी नहीं आ रहा है। अज्ञात आरोपियों ने बुधवार को उसके घर पर पथराव किया। जिसके बाद बुधवार को ही वह पुलिस के पास पहुंचा। उसने आरोपियों पर कार्रवाई करने के साथ ही अपनी और परिवार की सुरक्षा की मांग की है। पुलिस के अनुसार हैदर शेख पिता शहजाद शेख ने 27 अप्रैल को अपना धर्म बदला था। खजराना मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में वह विधि-विधान से पूजा कर हैदर से हरिनारायण बन गया। वह मूल रूप से खजराना की अली कॉलोनी में रहता है। उसके साथ 7 अन्य लोगों ने भी हिंदू धर्म अपनाया था।

**जिस धर्म को छोड़ा, उससे जुड़े लोग धमका रहे**

हैदर उर्फ हरि ने कहा कि जिस धर्म को छोड़ा है, उससे जुड़े कुछ लोग जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। मेरे पास लगातार फोन आ रहे हैं। अपशब्द भी कह रहे हैं। असामाजिक तत्व विश्व हिंदू परिषद के मालवा प्रांत के प्रशासनिक संपर्क प्रमुख संतोष शर्मा को भी धमकी दे रहे हैं। मामले में डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा ने बताया कि बुधवार को पीड़ित हमारे पास आया था। उसने घटना की जानकारी दी। पूरे मामले में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए लेकिन पीड़ित थाने नही आया। आज भी उसे ढूंढ़ा गया। सुरक्षा को लेकर एक प्रोटोकाल होता है। उसे भी दिखवा रहे है।


हरिनारायण

**सनातन धर्म से पहले से था प्रभावित**

हैदर से हरि बने शख्स ने शनिवार को धर्म परिवर्तन के बाद कहा था कि मैं सनातन धर्म से बहुत पहले से प्रभावित था। मैंने इसका काफी अध्ययन किया है। सनातन धर्म सभी धर्मों को महत्व देता है। इसका न प्रारंभ है और न अंत है। मैंने आज अंधेरे से उजाले में प्रवेश किया है। मैंने आज एक तरह से नया जन्म लिया है। मुझे परिवार का विरोध नहीं बल्कि सहयोग ही मिला है।

**कानूनी रूप से किया धर्म परिवर्तन**

उसने बताया था कि कार्यक्रम में शामिल होने से पहले मेरे द्वारा भारतीय संविधान के अनुसार मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 10 के अनुसार धर्म परिवर्तन किया है। इसके लिए नोटरी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत किया है।

**धर्म परिवर्तन करने वालों में 3 महिलाएं**

इंदौर में बीते शनिवार 27 अप्रैल को मुस्लिम समाज के 8 लोगों ने हिंदू धर्म अपनाया था। इनमें इंदौर के खजराना इलाके के 3 और 5 मंदसौर जिले के रहने वाले हैं। इन आठ लोगों में तीन महिलाएं भी हैं। ये सभी भगवा वस्त्र पहनकर खजराना मंदिर पहुंचे थे, जहां विधि-विधान से इनका धर्म परिवर्तन कराया गया।

# भाषण के दौरान भावुक हुई प्रियंका गांधी: मुरैना में कहा-पिता के टुकड़े घर लाई; उन्हें विरासत में पैसा नहीं शहादत मिली

विश्वास का तीर

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी मुरैना में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि मैं जब 19 साल थी, तब अपने पिता के टुकड़ों को घर लाई थी। मोदी जी कहते हैं कि मेरे पिता ने उनकी मां से विरासत लेने के लिए कोई कानून बदल दिया था। मोदी जी इस बात को समझ नहीं पाएंगे कि मेरे पिता को विरासत में धन दौलत नहीं मिली। मेरे पिता को विरासत में शहादत मिली। प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी को लेकर कहा कि वे जनता से कट गए हैं। किसी गरीब के घर, किसी गांव नहीं जाते। इसलिए उन्हें जनता के दुख दर्द का पता नहीं है। प्रियंका ने जनता से पूछा कि आपने कभी मोदी जी के मुंह से बेरोजगारी शब्द सुना है क्या? प्रियंका गांधी ने इलेक्टोरल बॉन्ड के बहाने बीजेपी पर निशाना साधा। साथ ही बेरोजगारी, महंगाई, नोटबंदी और जीएसटी जैसे मुद्दे उठाकर बीजेपी सरकार को जमकर घेरा।

**मैं पिता के टुकड़े घर लाई, मैं नाराज थी**

प्रियंका गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा- मैं अपने शहीद पिता के टुकड़े घर लाई। तो मैं नाराज थी इस देश से। मैं समझी इस तरह की नाराजगी उसी से होती है जिससे प्रेम होता है। मोदी जी मेरे पिता को देशद्रोही बोलते हैं। वे कहते है मेरे पिता ने कोई कानून बदल दिया उनकी मां से विरासत लेने के लिए। मोदी जी इस बात को समझ नहीं पाएंगे कि मेरे पिता को विरासत में धन दौलत नहीं मिली। मेरे पिता को विरासत में शहादत मिली।



**इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर बीजेपी ने वसूली की**

प्रियंका गांधी ने कहा- जिन लोगों पर मोदी जी ने छापा डलवाया था। उनसे उनकी पार्टी चंदा लेती है। फिर छापे बंद। फिर जिन पर केस डाले थे। और जिन पर मुकदमे डाले थे, उनसे चंदा लेते हैं और मुकदमे ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। आप चंदा ले रहे थे कि वसूली कर रहे थे। जैसे रास्ते के गुंडे होते हैं, आपकी दुकान पर आकर बोलते हैं हफ्ता दो। यही तो कर रहे थे ये लोग। ऐसा करके इन्होंने अपनी पार्टी को सबसे अमीर बना लिया।

**मोदी जी जनता से पूरी तरह से कट गए हैं**

प्रियंका ने कहा- मोदी जी मंच पर आते हैं। बड़े-बड़े उद्घाटन करते हैं। टीवी पर दिखते हैं। भाषण देते हैं तो इतने साफ-सुथरे। धूल-मिट्टी का नाम निशान नहीं। वे कैसे जानेंगे कि किस धूल-मिट्टी में जी रहे हैं आप। कैसे जानेंगे कि आप गरीबी के दलदल में फंसे हैं। 10 सालों में उन्होंने देश को और गरीबी में धकेल दिया। वे नहीं जान पाएंगे। क्योंकि उनका आपके बीच आना बंद हो गया है। वे जनता से पूरी तरह से कट गए हैं।

### ये है मोदी की गारंटी, मोदी ने 18 दिन पहले रेवन्ना के लिए वोट मांगा था

# राहुल बोले- प्रधानमंत्री मास रेपिस्ट के लिए वोट मांग रहे

विश्वास का तीर



राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर रेपिस्ट के लिए वोट मांगने का आरोप लगाया और कहा कि 'यही है मोदी की गारंटी।' राहुल गुरुवार, 2 मई को कर्नाटक के शिवमोगा में चुनाव प्रचार कर रहे थे। मामला जेडीएस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना से जुड़ा है। कर्नाटक में भाजपा और जेडीएस साथ चुनाव लड़ रही हैं। प्रज्वल पर कई महिलाओं ने रेप और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। इस मामले में केस दर्ज हो चुका है और प्रज्वल विदेश जा चुके हैं।

**मोदी ने 18 दिन पहले रेवन्ना के समर्थन में रैली की थी**

मोदी महज 18 दिन पहले 14 अप्रैल को इसी प्रज्वल के समर्थन में मैसूर में रैली कर रहे थे। तब मोदी ने कहा था, आज भारतीय राजनीति में देवगौड़ा सीनियर मोस्ट नेता हैं। उनसे आशीर्वाद प्राप्त करना बहुत बड़ा सौभाग्य है। मैसुरु से यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार, चामराजनगर से एस बालाराज, हासन से प्रज्वल रेवन्ना और मांड्या से मेरे मित्र एचडी कुमारस्वामी, आने वाली 26 अप्रैल को इनके लिए आपका हर वोट मोदी को मजबूती देगा। देश का भविष्य तय करेगा। इसी का हवाला देते हुए राहुल ने कहा, 'कर्नाटक में सबसे बड़ा इश्यू प्रज्वल रेवन्ना का है। पीएम मोदी ने उसके समर्थन में प्रचार किया है। उसने (प्रज्वल ने) 400 महिलाओं का मास रेप किया है। पीएम मोदी को इसका जवाब और महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए।

**राहुल के पीएम पर 4 आरोप, बोले- वे सत्ता के लिए कुछ भी करने को तैयार**

■राहुल ने कहा, प्रज्वल रेवन्ना 400 महिलाओं का रेप करता है, वीडियो बनाता है। इसे मास रेप (कइयों के साथ दुष्कर्म) कहा जाता है। कर्नाटक में मंच पर प्रधानमंत्री मास रेपिस्ट का समर्थन कर रहे हैं।जब प्रधानमंत्री आपसे वोट मांग रहे थे तो उन्हें पता था कि प्रज्वल रेवन्ना ने क्या किया था।

■प्रधानमंत्री को हिंदुस्तान की हर महिला से माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने एक मास रेपिस्ट को मंच पर लाकर उसे समर्थन देने की बात की। हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री ने देश की हर महिला का अपमान किया है।

■उनके (मोदी) पास सारी मशीनरी है, इंटेलिजेंस है, कस्टम्स है, तब भी प्रधानमंत्री ने इस मास रेपिस्ट को जर्मनी जाने दिया। ये उनकी गारंटी है।

**विदेश मंत्रालय ने कहा- प्रज्वल के लिए कोई वीजा नोट जारी नहीं किया**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने गुरुवार को कहा, सांसद (प्रज्वल रेवन्ना) की जर्मनी यात्रा के संबंध में विदेश मंत्रालय से न तो कोई राजनीतिक मंजूरी मांगी गई थी और न ही जारी की गई थी। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने सांसद (प्रज्वल) के लिए किसी अन्य देश के लिए कोई वीजा नोट भी जारी नहीं किया है। उन्होंने राजनयिक पासपोर्ट पर यात्रा की।

**प्रज्वल हासन सीट से चुनाव लड़ रहे**

रेवन्ना हासन सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। वह यहीं से मौजूदा सांसद हैं। हासन में 26 अप्रैल को दूसरे फेज में वोटिंग हो चुकी है। इससे पहले भी रेवन्ना मोदी की रैलियों में साथ दिख चुके हैं। कर्नाटक में भाजपा और जेडीएस के बीच गठबंधन है। रेवन्ना पर रेप और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप है।

**रेवन्ना के अश्लील वीडियो केस की टाइमलाइन**

26 अप्रैल: कर्नाटक की हासन लोकसभा सीट पर वोट डाले गए। वोटिंग से पहले सोशल मीडिया पर 200 से ज्यादा अश्लील वीडियो वायरल हुए।

27 अप्रैल: मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि वायरल वीडियो में दिख रहीं महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगाती हुई रो रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं। इस दौरान बीजेपी नेता देवराज ने दावा किया कि प्रज्वल के पेन ड्राइव में 2900 से ज्यादा अश्लील वीडियो हैं। वोटिंग के बाद वे जर्मनी रवाना हो गए।

**28 अप्रैल:** वायरल वीडियो को लेकर रेवन्ना के घर काम करने वाली मेड ने प्रज्वल और उनके पिता एचडी रेवन्ना के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

**30 अप्रैल:** प्रज्वल के पूर्व ड्राइवर कार्तिक ने किसी अज्ञात जगह से वीडियो जारी किया। इसमें कहा कि मैंने प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े वीडियो और फोटो भाजपा नेता देवराज गौड़ा के अलावा किसी को नहीं दिए थे।

**2 मई:** रेवन्ना के खिलाफ विशेष जांच दल ने लुकआउट नोटिस जारी किया है।

26 अप्रैल 2024 को कर्नाटक की हासन लोकसभा सीट पर वोट डाले गए। यहां से पूर्व सीएम एचडी देवगौड़ा के 33 साल के पोते प्रज्वल चुनाव लड़ रहे हैं। वोटिंग से पहले सोशल मीडिया पर 200 से ज्यादा अश्लील वीडियो वायरल हुए। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि वायरल वीडियो में दिख रहीं महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगाती हुई रो रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं। बीजेपी नेता देवराज गौड़ा ने दावा किया कि प्रज्वल के पेन ड्राइव में 2900 से ज्यादा अश्लील वीडियो हैं। फिलहाल प्रज्वल विदेश में हैं। कहा जा रहा है कि वोटिंग के बाद वे जर्मनी रवाना हो गए। वायरल वीडियो को लेकर रेवन्ना के घर काम करने वाली मेड ने एचडी रेवन्ना (67) और उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना (33) के खिलाफ 28 अप्रैल को केस दर्ज कराया। महिला मेड ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि एचडी रेवन्ना पत्नी के घर पर नहीं होने पर उसे और अन्य महिला कर्मचारियों को कमरे में बुलाते रहते हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सपांदक आपयुष राजपूत द्वारा कविता आफॅसेट प्रिंटर्स, एमपी नगर जोन -1 भोपाल (म. प्र.) से मुद्रित एवं 1209 पुष्पा नगर चांदबड़, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- आपयुष राजपूत, मो.7247257823, 7999252366 (प्रति शुक्रवार को प्रकाशित) समाचारों से संपादक का सहमत होना जरूरी नहीं। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा।) RNI.NO MPHIN/2022/83636